आकाशवाणी श्री विजयपुरम

14.08.2026 समय : 1905

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अब से कुछ देर में 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी।
2. प्रधान मंत्री ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर पीड़ितों के साहस और संघर्ष को नमन करते हुए कहा कि यह दिन सद्भाव और भाईचारा मजबूत करने के संकल्प लेने का दिन है।
3. स्वतंत्रता दिवस पर राजधानी श्री विजयपुरम में होगा मुख्य समारोह, नेताजी स्टेडियम में उपराज्यपाल डी. के. जोशी करेंगे ध्वजारोहण।
4. मरीना फ्लैग प्वाइंट बनेगा भव्य समुद्री रोशनी का केंद्र, जहाजों की जगमगाहट के साथ कल शाम रंग–बिरंगे फ्लेयर्स होगा का सामूहिक प्रदर्शन।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन अब से कुछ देर बाद शाम 7 बजे आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा। नेताजी स्टेडियम से राज्यस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का सजीव प्रसारण सुबह आठ बजकर पचास मिनट से किया जाएगा। शाम पांच बजे से रात आठ बजे तक विशेष कार्यक्रम प्रसारित किए जाएंगे। इसके अलावा, कल रात आठ बजे और सोलह अगस्त को सुबह आठ बजे प्रधानमंत्री के संबोधन का पुनः प्रसारण होगा। आकाशवाणी, श्री विजयपुरम कल सुबह आठ बजकर पचास मिनट से द्वीपों के उप–राज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी द्वारा नेताजी स्टेडियम से ध्वजारोहण और द्वीपवासियों के संबोधन का सीधा प्रसारण करेगा। उप–राज्यपाल कल सुबह 9 बजकर 19 मिनट पर ध्वजारोहण करेंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री के संबोधन को देखते हुए, कल प्रादेशिक समाचार का प्रसारण निर्धारित समय सुबह सात बजकर पाँच मिनट के बजाय छह बजकर पैंतालीस मिनट पर किया जाएगा।

<><><><><><><>

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभाजन से प्रभावित सभी लोगों के साहस और संघर्ष को याद किया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि विभाजन के उस दौर ने कई जिंदगियों को तहस–नहस कर दिया। लोगों ने अपनों को खोया और असहनीय पीड़ा सही। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दिन देश में सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने के संकल्प को और दृढ़ करे। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण के लिए मिलकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। श्री मोदी ने संस्कृत का एक उद्धरण भी साझा किया और विभाजन की भयावह परिस्थितियों से उबरकर राष्ट्र की प्रगति में अमूल्य योगदान देने वाले सभी देशवासियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने अपने साहस और संकल्प से साबित किया कि विपरीत परिस्थितियों में भी लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह में आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से मौन रैली और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। ये रैली मिडिल प्वाइंट स्थित भाजपा भवन से शुरू होकर तिरंगा पार्क में संपन्न हुई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी सहित पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विभाजन के दौरान जान गंवाने वाले तथा विस्थापन का दंश झेलने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। तिरंगा पार्क में आयोजित प्रदर्शनी में वर्ष 1947 के विभाजन से जुड़े ऐतिहासिक घटनाक्रम, बंगाल और असम की विभाजन सीमा को दर्शाने वाले मानचित्र, उस दौर के समाचार–पत्रों की रिपोर्ट तथा विस्थापन और पलायन से संबंधित ऐतिहासिक चित्र प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि विभाजन की त्रासदी को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और इतिहास से सीख लेने के उद्देश्य से हर वर्ष विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जाता है। उन्होंने विभाजन के दौरान हुई हिंसा और बड़े पैमाने पर हुए विस्थापन का उल्लेख

करते हुए पीड़ितों की स्मृति को सम्मान देने की बात कही। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य समारोह कल राजधानी श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। उपराज्यपाल, सेवानिवृत्त एडमिरल डी. के. जोशी सुबह नौ बजकर उन्नीस मिनट पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस समारोह को देखते हुए कल राजधानी श्री विजयपुरम् में यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है। वी आई पी और पासधारकों के वाहनों के लिए अलग–अलग पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। उपराज्यपाल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के वाहन सुबह साढ़े आठ बजे तक नेताजी स्टेडियम के अंदर पार्क करने होंगे। गुलाबी पासधारकों के वाहन सुबह सवा आठ बजे तक अंडमान क्लब और स्पोर्ट्स हॉस्टल के सामने निर्धारित पार्किंग क्षेत्र में खड़े किए जाएंगे। पीले पासधारकों के वाहनों की पार्किंग मॉडल स्कूल, क्लॉक टॉवर और जिमखाना क्रॉसिंग होते हुए नेताजी स्टेडियम के मुख्य गेट के पश्चिमी हिस्से तथा स्विमिंग पूल के पास होगी। बिना पास वाले वाहन वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और गर्ल्स स्कूल के पास निर्धारित पार्किंग में खड़े किए जाएंगे। अबरडीन बाजार से साउथ प्वाइंट जाने वाले वाहनों को मॉडल स्कूल क्रॉसिंग से बंगाली क्लब, गोलघर, सचिवालय जंक्शन, पुलिस लाइन और नयागांव होते हुए जाना होगा। वहीं, साउथ प्वाइंट से अबरडीन बाजार जाने वाले वाहन शादीपुर, नयागांव जंक्शन, पुलिस लाइन, आर बी वी, सचिवालय जंक्शन और गोलघर मार्ग का इस्तेमाल करेंगे।

<><><><><><><>

भारी वाहनों और बसों को सुबह सात से 11 बजे तक सेलुलर जेल की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन्हें बंगाली क्लब से गोलघर और जंगलीघाट की ओर डायवर्ट किया जाएगा। समारोह स्थल की ओर वाई–नारायण जंक्शन, आर.के. मिशन, फायर ब्रिगेड जंक्शन और वाटर स्पोर्ट्स जंक्शन से सुबह साढ़े आठ बजे के बाद वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। जी.बी. पंत अस्पताल जाने वाले वाहनों को सुबह सात से 11 बजे तक गांधी प्रतिमा, मरीन गेट, सिस्टी नगर, डिग्नाबाद सी–शोर रोड और खान जंक्शन होते हुए अस्पताल के निकास द्वार तक जाना होगा। आपातकालीन वाहनों के लिए वाई–नारायण जंक्शन से सेलुलर जेल होते हुए जी.बी. पंत अस्पताल का मार्ग सुबह साढ़े आठ से 11 बजे तक खुला रहेगा। परेड टुकड़ियों के वाहन जवानों को उतारने के बाद वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और गर्ल्स स्कूल की पार्किंग में खड़े रहेंगे और परेड समाप्त होने के बाद वाई–नारायण जंक्शन होते हुए लौटेंगे। इस बीच, कल अबरडीन जेटी से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप और नॉर्थ बे जाने वाली निजी पर्यटक नौकाओं का संचालन जंगलीघाट जेटी से किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार कमान की ओर से 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कल शाम मरीना फ्लैग प्वाइंट के सामने खड़े भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल और जहाजरानी सेवा निदेशालय के जहाजों को रोशनी से सजाया जाएगा। जहाजों पर शाम पांच बजकर पैंतालीस मिनट से रात दस बजे तक रोशनी रहेगी। इसके अलावा, कल शाम पांच बजकर उनतालीस मिनट पर जहाजों से एक साथ रंग–बिरंगे फ्लेयर्स छोड़े जाएंगे।

<><><><><><><>